# महा आर्यमन सिंधिया होंगे एमपीसीए के अध्यक्ष

▸ प्रमुख पदों के फार्म लिए, लेकिन सिंधिया के सामने कोई नहीं



नव भारत न्यूज

**इंदौर. मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अगले अध्यक्ष महा आर्यमन सिंधिया होंगे. सिंधिया पैनल ने प्रमुख पदों और कार्यकारिणी पदों के फार्म लिए है. वहीं तीन अतिरिक्त फार्म भी लिए गए, लेकिन अध्यक्ष पद का फार्म नहीं लिया गया है. आज फार्म की स्थिति से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी एमपीसीए की कमान संभालेगी.**

नया खेल विधेयक पारित होने के डर से एमपीसीए ने समय पूर्व चुनाव करने का ऐलान कर दिया था. आज एमपीसीए के विभिन्न पदों के लिए तय सिंधिया पैनल द्वारा फार्म लिए गए है. फार्म लेने का समय 11 से 2 बजे तक था. इस दौरान 12 फार्म एमपीसीए के चुनाव अधिकारी से लिए गए हैं. उसमें अध्यक्ष के लिए किसी ने फार्म नहीं लिया है. सिंधिया पैनल से अध्यक्ष पद पर महा आर्यमन सिंधिया का निर्विरोध अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है. अब सिर्फ 2 सितंबर को आधिकारिक घोषणा होना शेष है. इसके साथ ही सिंधिया परिवार का एमपीसीए पर कब्जा बरकरार रहेगा. महा आर्यमन सिंधिया अपने दादा माधवराव सिंधिया और पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया के बाद सिंधिया परिवार के तीसरे एमपीसीए अध्यक्ष होंगे.

सिंधिया पैनल से उपाध्यक्ष पद पर विनीत सेठिया, सचिव सुधीर आसनानी, सहसचिव अरुंधति किरकिरे, कोषाध्यक्ष संजीव दुआ और कार्यकारिणी सदस्य संध्या अग्रवाल, राजीव रिसोड़कर, प्रसून कनमड़ीकर और विजेश राणा होंगे.

### अध्यक्ष पद के लिए लड़ने से इंकार

एमपीसीए में अध्यक्ष पद को छोड़ कर तीन फार्म अमरदीप पठानिया, प्रेम पटेल और राकेश भार्गव ने लिए है. बताया जा रहा है कि पठानिया सह सचिव पर लड़ सकते है. भार्गव ने अध्यक्ष पद के लिए किसी के भी लड़ने से इंकार किया है. वैसे आधिकारिक घोषणा 2 तारीख को एमपीसीए की एजीएम में होगी कि कौन किस पद पर चुना गया है. मगर सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी या यूं कहे की माधवराव के पौते महा आर्यमन सिंधिया की ताजपोशी एमपीसीए के अध्यक्ष पद पर तय हो सकती है.

### दो सितंबर को होगी घोषणा

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार कल 9.30 से 11 बजे तक फार्म जमा करने का समय है. उसके बाद 12 बजे नामों का प्रकाशन होगा. 31 को फार्म की जांच और अंतिम बार नाम प्रकाशन किया जाएगा. 1 सितंबर को नाम वापसी और 2 सितंबर को एजीएम में पदों की घोषणा होगी.

# समन्वय से करें समस्या का हल: विजयवर्गीय

## सराफा एसोसिएशन पहुंचा विजयवर्गीय के पास

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सराफा चौपाटी हटाने को लेकर सराफा व्यापारी आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है. आज सराफा एसोसिएशन के कुछ लोग कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पास चौपाटी से होने वाली समस्या के लिए मिलने पहुंचे थे. सूत्रों के अनुसार विजयवर्गीय ने एसोसिएशन सदस्यों से समन्वय करने का कहा है.**



सराफा चाट चौपाटी को हटाने पर सराफा व्यापारी एसोसिएशन अड़ गया है. एसोसिएशन ने 1 सितंबर से चौपाटी नहीं लगने देने की घोषणा कर दी है और साथ ही अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है. सूत्रों ने बताया है कि सराफा व्यापारी एसोसिएशन के कुछ सदस्य आज नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिलने पितृ पर्वत पर गए थे.

सदस्यों ने महापौर के निर्णय का विरोध और चौपाटी के कारण विभिन्न तरह की घटना घटित होने का अंदेशा जताया है. बताया जा रहा है कि सराफा एसोसिएशन के सदस्यों की बात सुनने के बाद विजयवर्गीय ने कहा कि चौपाटी भी वर्षों से लग रही है. कोई समस्या है तो आपसी समन्वय स्थापित कर उसका हल करे, चौपाटी हटाना समस्या का हल नहीं है.

### एक नजर में

## नित्यश्री सहित एक साथ दस पुस्तकों का लोकार्पण



**इंदौर.** अभा साहित्यिक समूह काव्यधारा, हैदराबाद का सातवाँ वार्षिक अधिवेशन रविवार को मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर के सभागृह में सम्पन्न हुआ. इसमें आठ पुस्तकों व दो साझा साहित्यिक संकलनों का लोकार्पण एवं विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन ,अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर डॉ . राजीव शर्मा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ. मुख्य अतिथि वरिष्ठ शायर विज्ञानव्रत जी, विशिष्ट अतिथि सत्यप्रसन्न जी, विजय बागरी कटनी, हरेराम वाजपेई रहे. जिन पुस्तकों का विमोचन हुआ डॉ रागिनी स्वर्णकार शर्मा की नित्यश्री जो शब्दाहुति प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसकी भूमिका विख्यात प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष कुलानुशासक विक्रमविश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा लिखी गई है. इस अवसर पर डॉक्टर रागिनी स्वर्णकार शर्मा,इंदौर को काव्यधारा प्रकाशन द्वारा साहित्य क्षेत्र में सतत योगदान एवं विभिन्न विधाओं में अनवरत काव्य-सृजन हेतु कादम्बरी सम्मान से विभूषित किया गया. गीता अग्रवाल की काव्य तरणी, शायर विज्ञान व्रत की सामने है आईना, पायल शर्मा की तर्पण, रश्मि शर्मा की निशि गंधा, डॉ संजीव धानुका की छोटे छोटे डग, मंजू राठी की मनन का कथन, मनोरमा शर्मा मनु की दरखतों के साये के अलावा दो साझा संकलनों किसलय एवं मनीषा का विमोचन हुआ. इंदौर के साहित्य जगत में पहली बार दस पुस्तकों का एक साथ विमोचन सम्पन्न हुआ है.

## कलाव्योम फाउंडेशन का पौधारोपण कार्यक्रम कल



**इंदौर.** कलाव्योम फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण और क्षिप्रा नदी तटों के हरितीकरण हेतु कल प्रातः 9 बजे शबरी माता मंदिर परिसर, क्षिप्रा में पौधारोपण अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत करेगा. अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया कि महामंडलेश्वर 1008 दादू महाराज की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 50 पौधे लगाए जाएंगे. आगामी चरणों में और पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल सुनिश्चित की जाएगी. कलाव्योम फाउंडेशन आम नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है, ताकि सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संतुलन और हरित विकास सुनिश्चित किया जा सके.

## कायस्थ समाज का निशुल्क परिचय सम्मेलन कल

**इंदौर.** कायस्थ समाज का विराट निःशुल्क कायस्थ युवक-युवती शुभ घड़ी परिचय सम्मेलन 31 अगस्त को प्रातः 9 बजे जाल सभागृह में ायोजित किया जा रहा है. विवाह योग्य युवक युवतियों के साथ समाज बंधु सादर आमंत्रित हैं. कार्यक्रम संयोजीका वीना सक्सेना है. यह जानकारी संस्था अध्यक्ष विजय सक्सेना, सचिव संजय निर्गुण ने दी.

## सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर ने साइबर ठगी पर चिंता जताई

**इंदौर.** द सॉफ्टवेयर फीडम लॉ सेंटर, इंडिया ने साइबर ठगी से सम्बंधित मध्य प्रदेश विधानसभा में रखे गए ताज़ा आंकड़ों पर चिंता जताई है. दरअसल इन आंकड़ों के अनुसार पिछले चार सालों में साइबर ठगी के मामलों में राज्य के लोगों से ठगों द्वारा लगभग 1,054 करोड़ रूपये हड़प लिए गए. हैरानी की बात है कि इन ठगी के केसों की रिकवरी दर 0.2% से भी कम है. राज्य सरकार के डाटा के अनुसार, 1 मई 2021 से 13 जुलाई 2025 के बीच राज्य में साइबर फ्रॉड से करीब 1,054 करोड़ रुपये की ठगी हुई. इसमें से सिर्फ 1.94 करोड़ रुपये पीड़ितों को वापस मिल पाए हैं, जबकि 105.21 करोड़ रुपये अभी भी होल्ड पर हैं. जनवरी 2020 से 15 जुलाई 2025 तक कुल 6,046 साइबर फ्रॉड के इस दर्ज हुए. इनमें से सबसे ज्यादा ठगी के केस यानी 1,193 केस साल 2024 में सामने आए. कम्प्रिहेन्सिव मॉड्यूलर सर्वे: टेलीकॉम 2025 के अनुसार, मध्य प्रदेश में साइबर अपराध की जानकारी और इसे ऑनलाइन शिकायत करने की सुविधा बहुत कम है. मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी 2017 के तहत साइबर खतरों से बचाव और घटनाओं से निपटने के लिए कदम उठाए हैं. यह समस्या सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं है बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी साइबर फ्रॉड के हालात चिंताजनक हैं. सॉफ्टवेयर फीडम लॉ सेंटर का मानना है कि साइबर अपराध से निपटने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है. इसके लिए हर ज़िले में साइबर क्राइम सेल बनाई जाए और इस सेल में ट्रेंड डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल किए जाएं. साथ ही गांवों, वार्डों और स्कूलों तक जागरूकता अभियान चलाए जाएं, जिससे लोग सुरक्षित डिजिटल तरीक़ों के बारे में सीख सकें.

## नेत्रदान जागरूकता बाइक रैली का आयोजन

**इंदौर.** नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्रदान करने और नेत्रदान के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 31 अगस्त को शंकरा आई बैंक और दीपायन महू राइडर्स क्लब द्वारा एक बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा. इस रैली का उद्देश्य लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करना है. इस बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और नेत्रदान के प्रति उत्साही लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. रैली के दौरान, प्रतिभागियों के द्वारा नेत्रदान के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी. बाइक रैली के आयोजन के बारे में शंकरा आई बैंक के डायरेक्टर डॉ अंकित देवकर ने कहा हमें गर्व है कि हम इस तरह के आयोजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम कर रहे हैं. कार्यक्रम का शुभारंभ इंदौर मेयर पुष्यमित्र भार्गव एवं इंदौर नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा जी द्वारा किया जाएगा.

## मेटा और रिलायंस इंडस्ट्रीज की रणनीतिक साझेदारी

**इंदौर.** मेटा ने आज रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ एक महत्व पूर्ण संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के अपने इरादे की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य भारतीय उद्यमों के लिएलामा-आधारित एंटरप्राइज एआई सॉल्यूशंसविकसित करना है. इस साझेदारी के केंद्र में है मेटा की भारत के प्रति प्रतिबद्धता और रिलायंस के साथ मिलकर एआई टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने का साझा लक्ष्य. यह संयुक्त उद्यम, मेटा केओपन-सोर्स लामा मॉडल्सका उपयोग करके सेल्स, मार्केटिंग, आईटी, ग्राहक सेवा, फाइनेंसऔर अन्य कई क्षेत्रों के लिए कस्टमाइज़्ड एआई सॉल्यूशंस तैयार करेगा. साझेदारीकी घोषणा करते हुए मेटा के फाउंडर एवं सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा इस संयुक्तप उद्यम के जरिये, हम मेटा के लामा मॉडलों को वास्तविक दुनिया में इस्तेमाल के लिए पेश कर रहे हैं, और मैं मेटा के एंटरप्राइज क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और साथ मिलकर नई संभावनायें तलाशने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं.

# स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर निविदा शर्तों पर चर्चा

## विभिन्न योजनाओं को लेकर संभागायुक्त ने ली बैठक

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए की विभिन्न योजनाओं के विकास को लेकर आज संभागायुक्त ने अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में स्टार्टअप पार्क, कन्वेंशन सेंटर, सुपर कॉरिडोर पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और विभिन्न चौराहों और सड़कों पर फ्लाई ओवर के सर्वे पर चर्चा की गई.**



आज आईडीए पदेन अध्यक्ष दीपक सिंह ने आईडीए की विभिन्न योजनाओं के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखने को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की. संभागायुक्त कार्यालय सभागृह में दीपक सिंह ने स्टार्टअप पार्क और कन्वेंशन सेंटर की निविदा के लिए बनाई शर्तो पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया गया, ताकि आगामी बोर्ड बैठक में टेंडर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे सके. इसी तरह सुपर कॉरिडोर स्थित 80 हजार वर्ग फुट प्लॉट पर पीपीपी मॉडल पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने और उसकी टेंडर शर्तो को तय किया गया. इसके अलावा शहर में कान्ह नदी के 530 करोड़ से रिवर फ्रंट विकसित करने के दौरान 3500 हजार अतिक्रमण को हटाने और पुनर्स्थापना की योजना के तहत पीएम आवास योजना में देने की चर्चा की गई. साथ ही एमआर 12 सड़क में बाधक 430 मकानों कि हटाकर पीएम आवास योजना में देने और पीएम आवास योजना के निर्माण की लागत और फंड कैसे जुटाया जाए? इसको लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया गया.

### सड़कों की सर्वे रिपोर्ट भेजने के अंतिम रिपोर्ट की जानकारी दी

आईडीए ने शासन को शहर की सड़कों खासकर बीआरटीएस और कुछ चौराहों पर फ्लाई ओवर ब्रिज के सर्वे रिपोर्ट भेजने को लेकर अंतिम निर्णय करने की विस्तृत जानकारी दी गई. बैठक में सीईओ रामप्रकाश अहिरवार, अधीक्षण यंत्री अनिल जोशी, अनिल चुघ, योजना शाखा प्रभारी रत्ना बौचरे सहित सभी कार्यपालन यंत्री मौजूद थे.


# डॉ . द्विवेदी हैनिमैन कॉलेज ऑफ होम्योपैथी स्लोव द्वारा आमंत्रित



**इंदौर.** शहर के प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी को हैनिमैन कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, स्लोव- लंदन (यूके) द्वारा आमंत्रित किया गया है. वे 25 अक्टूबर को स्लोव - लंदन, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन में शामिल होकर इंदौर एवं भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे.

डॉ. द्विवेदी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री), एस.के.आर.पी. गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज इंदौर तथा वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, एडवांस्ड होम्यो हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च इंदौर हैं. वे इस सम्मेलन में हिमैटोहाइड्रोसिस (खूनी पसीना) रोग और उसका होम्योपैथिक उपचार विषय पर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे. इसमें वे इस दुर्लभ बीमारी के कारण, लक्षण, भारतीय खानपान तथा होम्योपैथिक उपचार पर अपने अध्ययन एवं शोध कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे. उल्लेखनीय है कि डॉ. द्विवेदी ने रक्तजनित बीमारियों जैसे अप्लास्टिक एनीमिया, सिकल सेल एनीमिया, पैनसाइटोपेनिया, कैंसर पश्चात् रक्त व प्लेटलेट्स की कमी, आईटीपी तथा हिमैटोहाइड्रोसिस पर गहन शोध कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनके शोधपत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं.

# गुमाश्ता नगर वेंकटेश देवस्थान पर तीन दिवसीय नन्द महोत्सव प्रारम्भ



**इंदौर.** गुमाश्ता नगर स्थित वेंकटेश देवस्थान पर श्री प्रभात फेरी भजन मंडल एवं रामायण मंडल द्वारा तीन दिवसीय नन्द महोत्सव का आयोजन आज सायं मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या के साथ प्रारम्भ हुआ. महिला भजन मंडल द्वारा विभिन्न उत्सव के भजनों से पूरा परिसर गूंज उठा.

रामायण मंडल के सूर्यप्रकाश झंवर एवं जानकीनाथ काकाणी ने बताया कि उत्सव के तहत 30 अगस्त की रात्रि को मंदिर परिसर में सुंदर कांड का सामूहिक पाठ होगा. 31 अगस्त को विशेष आयोजन होंगे. गुमाश्ता नगर में निकल रही अनवरत व अखंडित प्रभात फेरी के 36 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं. स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज की पावन सन्निधि में प्रातः 5.30 बजे संत महात्माओं के साथ विशाल प्रभात फेरी निकलेगी. ध्वजारोहण प्रातः 7.30 बजे होगा वहीं भगवान बालाजी का महाअभिषेक प्रातः 8.30 बजे पवित्र नदियों के जल के साथ दूध, दही, शहद व पंचामृत से किया जाएगा. दोपहर 2.30 बजे भव्य नंद महोत्सव मनाया जाएगा.

# विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल में भी पारंगत होना चाहिए

▸ प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता



**इंदौर.** सांसद खेल महोत्सव के तत्वावधान में खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल में किया गया. इसमें दस विद्यालयों की टीमों में भाग लिया. इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी के मुख्यआतिथ्य में किया गया.

सांसद लालवानी ने सभी खिलाड़ी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में खेलों का भविष्य बहुत उज्ज्वल है कई योजनाएं चलाई जा रही हैं. अतः सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ किसी एक खेल में भी पारंगत होना चाहिए. प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य डॉ राशि शाह ने सासंद लालवानी का स्वागत किया. इस अवसर पर खेल युवा कल्याण विभाग की प्रभारी एवं ब्लॉक समन्वयक लीना श्रीवास, जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत इंदौर के पंकज गोस्वामी स्कूल के खेल अधिकारी चैनू चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल अखिलेश शर्मा, मानेज रना श्रेया संधवा जाया, नेहा वानखेड़े शास्त्री, जया जेगडन, प्रिया शूखला, मेधना सूशील जोशी उपस्थित थे. डॉ राशि शाह प्राचार्य प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल के द्वारा सांसद शंकर लालवानी को विद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. पुरस्कार वितरण भी सांसद के हाथों संपन्न हुआ.

**कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीमें** : पूल ए में विजेता टीम प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल रही. वहीं उपविजेता ट्रॉफी सेंट जेवियर स्कूल को प्राप्त हुई. पूल बी में विजेता टीम राज स्कूल रही. वहीं उपविजेता लर्निंग टेंपल स्कूल रहा. सभी विजेताओं को मेडल प्रमाण पत्र एवं टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई.

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में कनक व अंश रहे प्रथम

▸ सराफा विद्या निकेतन के स्थापना दिवस पर आयोजन



**इंदौर. सराफा विद्या निकेतन के 50वें स्थापना दिवस के स्वर्ण जयंत अवसर पर स्व. विकास शर्मा स्मृति अन्तर्विद्याल वाद विवाद प्रतियोगिता-2025 कवि राजीव शर्मा, सुमेधा चौरनि एवं श्रीकृष्ण शर्मा के आतिथ्य में आयोजित की गई.**

प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम कनक पटेल, क्लॉथ मार्केट वैष्णव बाल मंदिर गर्ल्स स्कूल, द्वितीय ऐशना जैन, श्री सत्यसांई विद्या विहार रहे । विपक्ष में प्रथम अंश पटेल श्री देवी अहिल्या शिशु विहार, द्वितीय रिदिमा जैन सराफा विद्या निकेतन एम.ओ.जी. लाईन्स व गुनमय मतांगे, सेंट पॉल स्कूल रहे। प्रतियोगिता में विजेता की ट्रॉफी सराफा विद्या निकेतन स्कीम न. 71 को प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यालयों ने प्रतिभागिता निभाई। निर्णायक की भूमिका कवि मुकेश इन्दौरी, शिक्षाविद अनिल ओझा एवं राहुल महाशब्दे ने निभाई. स्वागत भाषण प्राचार्य आलोक दवे ने दिया. अतिथि स्वागत संस्था अध्यक्ष महेन्द्र पाटीदार, मंत्री प्रमोद नागर, एसोएिसशन उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता, ट्रस्टी सतीश नीमा, हरिओम शर्मा, अंकिता मिश्रा ने किया संचालन एल. शुक्ला ने किया। आभार सुनयना शर्मा ने माना.

# संकटों से बचाते हैं श्री गणेश



**इंदौर.** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में गणेशोत्सव पर रोजाना महाआरती के बाद प्रसाद वितरण हो रहा है. महंत मंगलदास महाराज खाकी ने कहा कि जय गणेश मोदक प्रिय है और संकट मोचक है. श्री गणेश की स्तुति और आरती से घर परिवार में सुख समृधि आती है. मन्दिर में रिद्धि- सिद्धि गणेश के साथ माँ अन्नपूर्णा भी विराजित है. आरती में बड़ी संख्या मे युवा वर्ग शामिल हुए. इस मौके पर सुशील उपाध्याय, राधा उपाध्याय सहित शिवम विशेष रूप से उपस्थित थे.

एक नजर में ▸ गणेशोत्सव में शहर में हो रहे विभिन्न आयोजन, भगवान का हो रहा आकर्षक श्रृंगार

# खजराना गणेश को चंवले के 21 हजार लड्डुओं का भोग




**इंदौर. खजराना गणेश मंदिर पर बीती रात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समाजसेवी बीआर गोयल ने भक्त मंडल के सदस्यों के साथ खजरना गणेश को चवले के 21 हजार लड्डुओं का भोग समर्पित किया. इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. पुनीत भट्ट एवं धर्मेन्द्र भट्ट ने पूजा संपन्न कराई.** मंदिर पर दस दिवसीय गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. भक्त मंडल की ओर से यहा प्रतिदिन अलग-अलग किस्म के अनाज एवं पदार्थों के लड्डुओं का भोग लगाया जाएगा. भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि पहले दिन सवा लाख मोदक के साथ ही प्रतिदिन 21-21 हजार अन्य लड्डुओं का भोग भी पूरे दस दिनों तक समर्पित किया जाएगा. इस तरह खजराना गणेश को गणेशोत्सव में 3 लाख लड्डुओं के भोग का नया कीर्तिमान बनाया जा रहा है. लड्डुओं के समर्पण के क्रम में आज शाम को गोंद के लड्डुओं का भोग शैलेन्द्र मित्तल परिवार की ओर से समर्पित किया जाएगा.

## कोयला बाखल में सांवरिया सेठ की स्थापना



**इंदौर.** गणेश चतुर्थी के अवसर पर राजवाड़ा कोयला बाखल में श्री गणेश बाल भक्ति ग्रुप द्वारा श्री सांवरिया सेठ स्वरूप गणेश की स्थापना कोयला बाखल प्रांगण में महामंडलेश्वर संत डॉ दादू महाराज द्वारा की गई. स्थापना पूर्व प्रतिमा को धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ लाया गया. आयोजन समिति के प्रमुख प्रियंक गुप्ता एवं अंकित सुमेले ने बताया कि मूर्ति की ऊंचाई लगभग 12 फीट एवं चौड़ाई 8 फीट है. इस प्रतिमा को बंगाली चौराहा स्थित बंगाली मूर्तिकार गणेश पाल द्वारा बनाया गया है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंडलेश्वर दादू महाराज उपस्थिति थे. उनके द्वारा गणेश जी की स्थापना एवं पूजन, अर्चना एवं आरती की गई. पूजा मंडल के पुजारी हरि पंडित द्वारा विधिवत रूप से कराई गई. आयोजन समिति के सदस्य आकाश पालीवाल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह एवं रात को 9 बजे आरती होगी. आरती के पश्चात बच्चों के विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर समिति के सभी सदस्य आकाश पालीवाल, अंकित सुमेले, जयंत माठे, रवि पांचाल, मोनू मौर्य, अजय पाटिल, प्रदीप बिरथरे, आकाश सिंह पुरोहित, सर्वेश सुमेले, प्रणव सोनी, अजय पाटिल, हर्ष राठौर, रजनीश परमार, सौरभ राठौर, राहुल बुंदेला ,मोहित तोमर वैभव गिरोठिया , ममता बिरथरे मौजूद थे.

## सुमुख गणेश के रूप में आकर्षक श्रृंगार



मरीमाता चौराहा स्थित श्री सिद्ध विजय गणेश मंदिर पर सुमुख को गणेशोत्सव के तीसरे दिन गणेशजी की दिव्य प्रतिमा का सुमुख गणेश के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया गया. यहां प्रतिदिन 11 विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच दूध एवं फल-फूल से छप्पन भोग समर्पित किए जा रहे हैं. मंदिर पर गणेशोत्सव की श्रृंखला में बीती रात सौरभ लाड़ला एवं साथियों ने अपने मनोहारी भजनों से हजारों भक्तों को थिरकाए रखा।

संयोजक एवं विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि मंदिर पर प्रबंध किए गए हैं. आज महोत्सव के तीसरे दिन भी सिद्ध विजय गणेश के दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा. महोत्सव में पूरे दस दिनों तक प्रतिदिन रात 8 बजे से भजन संध्या एवं अन्य धार्मिक आयोजन होंगे. मंदिर के पुजारी पं. प्रेमनारायण शास्त्री, पं. महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शास्त्री के निर्देशन में भगवान के नित्य नूतन श्रृंगार का सिलसिला कल से ही चल रहा है. पं. चिराग तिवारी ने आज भी सुमुख गणेश का श्रृंगार इतना मनमोहक किया कि दर्शक देखते ही रह गए।